

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–73/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### राज्यपाल ने श्रीलंका के युवा राजनीतिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

**पटना 22 जुलाई, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् द्वारा आयोजित भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत श्रीलंका से भारत आए 25 सदस्यीय युवा राजनीतिक नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से राजभवन में मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए राज्यपाल ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध मजबूत है और दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में एक दूसरे का सहयोग कर रहे हैं। केरल के संत नारायण गुरु के श्रीलंका में बड़ी संख्या में अनुयायी हैं।

राज्यपाल ने शिष्टमंडल के सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है और हम इसकी भावना से निर्देशित होते हैं। भारतीय संस्कृति आत्मा से परिभाषित होती है और हजारों वर्ष पुरानी हमारी संस्कृति के मूल्य और आदर्श हमें प्रेरणा देते हैं। भारत में आयोजित जी–20 समिट का नारा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' था। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत और श्रीलंका अनेक क्षेत्रों में मिलकर कार्य कर रहे हैं। राज्यपाल ने भारत और विशेषकर बिहार में महिला सशक्तिकरण के लिए किये गये प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री महिलाओं के नेतृत्व में विकास पर जोर देते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भारत मानव की दिव्यता में विश्वास करता है और यहाँ हर प्रकार की विविधता की स्वीकार्यता और सम्मान है। हमारा मानना है कि सबके भीतर आत्मा की विद्यमानता के कारण हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में पर्यटन की काफी संभावनाएँ हैं और यहाँ आधारभूत संरचनाओं के विकास के कारण पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। राज्यपाल ने बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह राज्य अनेक महापुरुषों की जन्मभूमि और कर्मभूमि रहा है।

..........................................